आयोजन | नगर निगम विद्यालय गोविंदगंज में विदाई समारोह का आयोजन

# विद्यालय संस्कार, संस्कृति और सफलता की प्रथम पाठशाला : डॉ तिवारी





**नवभारत, जबलपुर।** विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि जीवन निर्माण की कार्यशाला होता है, जहां से विद्यार्थी अपने भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं, यह विचार नगर निगम विद्यालय गोविंदगंज में आयोजित कक्षा 12-बी विदाई समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष तिवारी (एम.आई.सी. सदस्य) ने व्यक्त किए। कार्यक्रम भावनात्मक, गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विदा ले रहीं छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद कविता रैकवार द्वारा स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। कक्षा 11-बी के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर छात्रों को मोमेंटो प्रदान कर भावनात्मक विदाई दी, जिससे माहौल भावुक हो उठा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य विमला चौबे, शाला सदस्य रजनी कांत अग्रवाल, विनय तिवारी, गोविंद रैकवार, डॉ. नर्मदा शर्मा, राकेश जैन, दीप्ति शर्मा, रागिनी गर्ग, कृष्णकांत दीक्षित, सुनील सराफ, अनुभव मातेल की विशेष उपस्थिति रही।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम का कुशल संचालन विजय श्रीवास्तव एवं ज्योति अग्रवाल ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अंजू प्यासी, मीनाक्षी रावत, स्वाति सरावगी, रीता जायसवाल, रीता त्रिपाठी, साधना दुबे, श्वेता जैन, संध्या वरले, दीपा अग्रवाल, श्रद्धा तिवारी, राजकुमार सोनी एवं गीता बर्मन का विशेष सहयोग रहा।

### मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

विद्यालय की श्रेष्ठ छात्राएं माही सोनी, मैंनाज वाणी, रेनू कोरी तथा शाला नायक सबल माया पटेल को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राएं — जानकी कोस्टा, तहजीब बानो, कोमल चौधरी, आंशिक श्रीवास एवं चेतना चौधरी को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया।

### इनका कहना है



विद्यालय ने हमें पहचान दी। आज विदाई लेते हुए गर्व और भावुकता दोनों महसूस हो रही है।

**मायरा फातिमा**



यहां से मिले संस्कार हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे।

**रोमा चौधरी**



शिक्षकों का मार्गदर्शन और दोस्तों का साथ हमेशा याद रहेगा।

**खुशबू भट्ट**



विद्यालय से मिला आत्मविश्वास हमारे भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है।

**निदा फातिमा**






# शोभायात्रा के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

**श्री प्रमाणसागर एवं मुनिश्री संधानसागर की सानिध्य में प्रारंभ हुआ कार्यक्रम**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में श्री 1008 श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ विशाल शोभायात्रा और घटयात्रा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन की शुरुआत श्री आदिनाथ दि. जैन मंदिर गोलबाजार से हुई। मुनिसंघ, क्षुल्लक गण, बाल ब्र अशोक एवं अभय सहित संघस्थ ब्रहम्चारी भी शोभायात्रा में शामिल थे।

रजत पालकी में श्री जी विराजमान रहे, जबकि गजराज की प्रतिकृति, ऊँट, बैंड और धमाल शोभायात्रा को और आकर्षक बना रहे थे। अखिल भारतीय महिला परिषद की 15 शाखाओं की सदस्य रंग-बिरंगे परिधान और पुरुष श्वेत वस्त्र धारण कर शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा मालवीय चौक, गंजीपुरा, घमंडी चौक, गढ़ा फाटक और रानीताल चौक से होकर टेगोग्राफ ग्राउंड पहुँची।

आयोजन स्थल पर ध्वजारोहण श्राविका श्रेष्ठी सुशीला पाटनी द्वारा किया गया। मुनि श्री प्रमाणसागर जी के प्रवचन से पहले आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। मंगला चरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई और मुनिसंघ को शास्त्र भेंट किए गए। मुख्य मंडल प्राप्त करने के पुर्ण्याजक रायसेठ चंद्र कुमार एवं चंद्र कुमार सिंघई का राष्ट्रीय दिगंबर जैन युवा महासंघ के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया। धर्मसभा के संचालन और आयोजन में सहयोग देने वालों का भी सम्मान किया गया।

### आज से 8 फरवरी तक प्रतिदिन विधान

आज से 8 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा, 8:45 बजे मुनि श्री का प्रवचन और विधान होगा। दोपहर 2:45 बजे शंका समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### एक नजर में







## पूर्व क्षेत्र कंपनी के तीन कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से अधिकारी- कर्मचारी आज 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे है। जिनमें मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) टीकमगढ़ में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ सरोज कुमार त्रिपाठी 37 वर्ष 08 माह की सेवा के उपरांत, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (सा.क्षे.) सागर में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ राम किशोर पाठक 38 वर्ष 02 माह की सेवा के उपरांत एवं मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) जबलपुर में कार्यालय सहायक श्रेणी - 2 के पद पर पदस्थ श्रीमती एलिजाबेथ यादव 41 वर्ष 07 माह की सेवा के उपरांत आज 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रही है।



## एक अधिकारी सहित 90 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत एक अधिकारी एवं दो कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 90 रेलकर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 30 जनवरी को अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एम. विजय कुमार, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे एक अधिकारी एवं दो कर्मचारियों के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज प्रदान किये।




## संभागीय आईटीआई जबलपुर में विदाई समारोह

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में वेल फेयर सोसाइटी जबलपुर द्वारा संस्था के एस.के. एडला प्रशिक्षण अधीक्षक, डी. के. रॉय प्रशिक्षण अधीक्षक एवं विष्णु पटेल प्रशिक्षण अधिकारी की 62 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के फलस्वरूप भव्य विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला ने शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को बधाई देते हुए आगामी भविष्य के लिए शुभकानाएं प्रेषित् की। कार्यक्रम में वेल फेयर सोसाइटी जबलपुर की अध्यक्षा प्रीति बाला धार्वेडे एवं सदस्यों के साथ संस्था के समस्त अधिकारी- कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वेल फेयर सोसाइटी के योगश ठाकरे द्वारा किया गया।



## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उड़ना (सड़क) में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम शक्ति, संस्कार एवं प्रेरणा के अद्भुत समन्वय के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अंकिता देशपांडे रहीं, जबकि अध्यक्षता प्रिंसी सिंघई ने की। डॉ. देशपांडे ने मातृशक्ति की पारिवारिक भूमिका, संयुक्त परिवार के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। वहीं प्रिंसी सिंघई ने योग के लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संचालन सरस्वती शिशु मंदिर उड़ना के आचार्य परिवार द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य मनीषा पटेल ने सभी उपस्थित मातृशक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू सम्मेलन के शुभारंभ पर निकली भव्य शोभायात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** आगामी हिन्दू सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को हनुमान बस्ती क्षेत्र में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के बंधु-भगिनियों ने सहभागिता कर सनातन धर्म, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। शोभायात्रा में धर्मध्वज, पारंपरिक वेशभूषा और जयघोषों के साथ श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। वातावरण 'हमारा धर्म - हमारी पहचान, हमारी शक्ति' के नारों से गूंज उठा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति ने बताया कि यह शोभायात्रा 1 फरवरी 2026 को तमरहाई स्कूल में आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन के लिए जनजागरूकता और एकता का प्रतीक है। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सम्मेलन में सपरिवार उपस्थित रहने की अपील की है। इस अवसर पर राकेश ठाकुर, सीताराम सेन, विजय यादव, सनी सोनकर, अजय वैद्य, कृष्णा यादव, नीतू दुबे, आकाश ताम्रकार, मनीष आदि बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित रही।




## मेघावी छात्र-छात्रायें पुरस्कृत

**नवभारत, जबलपुर।** म.प्र. वक्फ बोर्ड द्वारा मेघावी छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण समारोह प्रियदर्शनी अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय गोहलपुर में म.प्र. वक्फ बोर्ड के चेयरमेन आली जनाब हाजी डॉ. सनवर पटेल (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) म.प्र. शासन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जहां जबलपुर जिले की विभिन्न वक्फ प्रबंधन कमेटियों ने 189 मेघावी छात्रों को छात्रवृत्ति राशि का चैक वितरित किया गया। इस अवसर पर अहदुउल्ला उस्मानी (सीनियर एडवोकेट), संदीप जैन, सुधांशु गुप्ता, सुश्री रोजीना कुरैशी, अखिलेश दीक्षित, मो. अनवर अन्नू, कमर अली, शमसुल हसन आदि उपस्थित रहे।

## ईपीएफओ में ईसीआर जमा करने आज अंतिम दिन

**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत लाभ पाने के लिए संस्थानों को आज 31 जनवरी तक ईपीएफओ में अंशदान सहित ईसीआर जमा करना अनिवार्य है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने बताया कि 1 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 तक की अवधि के आधार पर औसत कर्मचारियों की संख्या निर्धारित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ पाने के लिए सभी कर्मचारियों के बैंक खाते डीबीटी सक्षम होने चाहिए, ताकि प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खातों में जमा की जा सके। राकेश सहरावत ने कहा कि अब तक 2829 संस्थानों ने 1 से 11 माह के लिए ईसीआर जमा नहीं किया है, और 254 संस्थानों में 431 कर्मचारियों के बैंक खाते डीबीटी सक्षम नहीं हैं। उन्होंने अपील की कि संस्थान समय पर ईसीआर जमा करें और कर्मचारियों को डीबीटी सक्षम करें, ताकि योजना का लाभ सुनिश्चित हो सके।

## ओपन कैम्पस में 58 छात्रों का चयन

**नवभारत, जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में नागपुर की मल्टीनेशनल कंपनी सीएट टायर लिमिटेड द्वारा पॉलीटेक्निक डिप्लोमा और बी.एस.सी. के छात्रों के लिए ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत 58 छात्रों का चयन किया गया, जिनका जॉब लोकेशन नागपुर रहेगा। चयनित छात्रों को डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद पर नियुक्त किया जाएगा। सीएट टायर के एच.आर. मिस. मानसी गावली, जाकी अहमद और ध्यानेश्वर बड़वेक ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ दीं। संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई.के. खन्ना, और प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू ने छात्रों को बधाई दी।

## जीएसटी कार्यालय में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** जीएसटी कार्यालय में 'थेलेसिमिया मरीजों के लिए समर्पित' रक्तदान एवं बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य जांच शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में जीएसटी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और रक्तदान कर समाजसेवा में योगदान दिया।



इस अवसर पर जीएसटी डिप्टी कमिश्नर चंद्रशेखर चौहान, ज्वाइंट कमिश्नर आरएस साहू, ज्वाइंट कमिश्नर आभा जैन, सहायक आयुक्त एस पी बघेल, राज्यकर अधिकारी राजेश नायक, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशिर जैन, सचिव गोपाल तंतुवाय और डायरेक्टर प्रितपाल सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य संयोजक डॉ. अंकित सेठ ने आयोजकों, चिकित्सकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में एड. सतेंद्र जैन, एड. अमिताभ भारती, मीडिया संयोजक नितिन जैन, डॉ. यतीश जैन, संकेत मलैया, आकाश सेठ, पीयूष जैन और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. स्थापक का विशेष योगदान रहा।

## विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व नवज्योति नशा मुक्ति एवं सहापुर्नावास केन्द्र अवधपुरी के संयुक्त तत्वाधान में नचिकेता महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। संस्था से हेमंत सोलंकी द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में अपने विचार रखे औरछात्रों को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रज्ञा दुबे व राहुल बोहरे, कला विभाग की एचओडी स्नेहलता दुबे, सहायक प्राध्यापक हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, नीरज रजक, एन.के. सरकार आदि शामिल रहे।

## कटंगा बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** गुप्तेश्वर नगर, कटंगा बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता पूजन और कन्या पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अखिलेश अयाची, संत सत्येंद्र शास्त्री महाराज और मातृशक्ति डॉक्टर अनुश्री जामदार उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता नीतीश ने हिंदू संस्कृति, सामाजिक समरसता और स्वदेशी उपयोग पर जोर देते हुए बच्चों को पेड़ लगाने और परंपराओं की रक्षा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश मित्तल और विकास साहनी ने किया, जबकि आभार संजय अधलखा ने व्यक्त किया। सम्मेलन में अशोक शर्मा, शांतनु देशपांडे, उदय परांजपे, कृष्ण मित्तल, अपूर्व नायक, आर पी मिश्रा, शिवम गुप्ता, डॉ. रुपाली मित्तल, राधा खत्री, निकिता गुप्ता, पीके जैन, निहाल देव, वीर सिंह और राकेश खत्री सहित क्षेत्रीय नागरिक परिवार उपस्थित रहे।



## पात्र नागरिकों को मिला सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ

**संकल्प से समाधान शिविर में हितग्राहियों की उमड़ी भीड़**

**नवभारत, जबलपुर।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड स्तरीय शिविरों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार संभाग क्रमांक 08 के अंतर्गत शीतला माई वार्ड में स्थित तांत्रिक स्कूल (छोटी मॉडल) में एक विशाल शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक पहुँचे, जहाँ नगर निगम के अधिकारियों और संबंधित विभागों के अमले ने लोगों की शिकायतें सुनीं। शिविर की सबसे खास बात यह रही कि कई हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ संबंधी स्वीकृति पत्र मौके पर ही प्रदान किए गए। शिविर में सेवाओं और योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए और उनका परीक्षण किया गया।



आयोजन | कांग्रेसियों ने टाउन हॉल में दी श्रद्धांजलि, महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर हुए विविध आयोजन

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन कर झुके शीष

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस के मौके पर शहर में विविध पुष्पांजलि, श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में शहर कांग्रेस कमेटी एवं जबलपुर कांग्रेस सेवादल द्वारा पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेसियों द्वारा गाँधी स्मारक, टाउन हॉल स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने बापू के चरणों में पुष्पांजलि व श्रृद्धांजलि अर्पित की और साथ ही उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने व सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।



### ब्लॉक कमेटी रांझी-खमरिया ने कांग्रेसियों ने किया नमन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी-खमरिया के तत्वावधान में गांधी चौक, लाला लाजपत राय वार्ड, मानेगांव रांझी में पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा, अध्यक्ष आशुतोष वत्स, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा, जग्गू विश्वकर्मा, सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### रैली, नाटकों के मंचन से याद किए गए राष्ट्रपिता

हितकारिणी सभा एवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां गांधीजी के जीवन और उनके विचारों को नाटक, रैली और संदेशों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे, पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और समाजसेवी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### शहीद दिवस पर उच्च न्यायालय में रखा गया मौन

शहीद दिवस के अवसर पर मप्र उच्च न्यायालय में दो मिनट का पूर्ण मौन रखा गया। इस दौरान कोर्ट का समस्त कार्य पूरी तरह स्थगित रहा। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट में रखा गया मौन

कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों व कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई। अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, कलेक्ट्रेट स्थित सभी शासकीय के अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे।

### मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभी विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थलों पर 2 मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### दिव्यांग छात्रों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

शासकीय श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और साथ ही नशे के दुष्परिणाम बताए गए। नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी हेमंत सोलंकी, स्कूल के अधीक्षक शिवशंकर कपूर ने नशा मुक्त विद्यालय के विषय में जानकारी दी।

### नगर निगम परिसर में बापू को किया गया नमन

नगर निगम परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न विभागों के प्रमुखों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर बापू एवं शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

